अमर उजाला 08/05/2025

# मॉक ड्रिल का करवाया अभ्यास



**अंबाला।** छावनी के जीएमएन कॉलेज में प्रशासन के निर्देशों के अनुसार मॉक ड्रिल करवाई गई। इस दौरान 55 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ.रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को राष्ट्र के प्रति निष्ठावान बनने और अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाने की प्रेरणा दी।इस दौरान डॉ. पुनीत और ट्यूटर शिवानी ने कैडेट्स को फर्स्ट एड किट का प्रयोग और आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक उपचार देने बारे जानकारी दी। संवाद